श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेंद्रम, तिरुवनन्तपुरम - 695 011, केरल, भारत
SREE CHITRA TIRUNAL INSTITUTE FOR MEDICAL SCIENCES AND TECHNOLOGY, TRIVANDRUM
THIRUVANANTHAPURAM - 695 011, KERALA, INDIA
*(एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार)*
*(An Institution of National Importance, Department of Science and Technology, Government of India)*
टेलीफॉन नं./Telephone No.: 0471-2443152 फैक्स/Fax: 0471-2446433, 2550728
ई-मेल/E-mail: sct@sctimst.ac.in वेबसाइट/Website: www.sctimst.ac.in

विज्ञापन सं.क. एवं प्र.II/26/एसएसएससी/एससीटीआईएमएसटी/2023 दिनांक:12.04.2023

# अधिसूचना

श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान(एससीटीआईएमएसटी) निम्नलिखित पदों के लिए योग्यभारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

- ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि : **12.04.2023**
- ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : **11.05.2023**
- आवश्यक दस्तावेजों के साथ सिस्टम जनित आवेदन की कागज़ी प्रति(प्रिंट आउट) प्राप्त करने की अंतिम तिथि : **17.05.2023**

| क्रम सं. | पद विवरण | अनिवार्य योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|
| 1. | **सह – आचार्य**<br>**(इमेजिंग विज्ञान और इंटरवेंशन रेडियोलॉजी)**<br>रिक्त पद- 1 (एक)<br>[ईडब्ल्यूएस -1] | कार्डियोवास्कुलर इमेजिंग और वैस्कुलर इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी में डीएम के बाद तीन वर्ष का शिक्षण/अनुसंधान अनुभव या 3 वर्ष के कोर्स में इसके समकक्ष योग्यता<br>(समतुल्य उपाधियाँ: कार्डियोवास्कुलर इमेजिंग और वैस्कुलर इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी, डीएम कार्डियोवास्कुलर रेडियोलॉजी और एंडोवस्कुलर इंटरवेंशन)<br>**या**<br>एमडी/डीएनबी (रेडियो-डायग्नोसिस) के बाद कार्डियोवास्कुलर इमेजिंग और वैस्कुलर इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी में छह साल का शिक्षण / अनुसंधान का अनुभव। कार्डियोवास्कुलर और/या वैस्कुलर इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी स्पेशलिटी प्रोग्राम में तीन साल के डीएम और एक साल के पीडीसीसी को क्रमशः 3 साल / 1 साल की अवधि के लिए शिक्षण अनुभव माना जाएगा।<br>**वांछनीय:** कार्डियोवस्कुलर इमेजिंग और वैस्कुलर इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के क्षेत्र में प्रकाशनों द्वारा प्रमाणित पर्याप्त अनुसंधान अनुभव। |
| 2. | **सहायक आचार्य**<br>**(एनेस्थिसियोलॉजी)**<br>रिक्त पद- 1 (एक)<br>[यूआर - 1] | कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर एनेस्थीसिया में डीएम के ठीक बाद ; या डीएम कार्डिएक एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर ; या तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के मामले में डीएम कार्डिएक एनेस्थीसिया |
| 3. | **सहायक आचार्य**<br>**(हृदय-चिकित्साविज्ञान)**<br>रिक्तपद- 3 (तीन)<br>[यूआर-1, एससी-1, ओबीसी -1] | संबंधित विषय में डीएम के बाद या तीन वर्ष के कोर्स में इसके समकक्ष योग्यता<br>**या**<br>संबंधित विषय में डीएम के बाद एक वर्ष का शिक्षण/अनुसंधान अनुभव या दो वर्ष के कोर्स में इसके समकक्ष योग्यता |

| | | |
|---|---|---|
| | | **या**<br>प्रत्यक्ष डीएम कोर्स के बाद एक वर्ष का शिक्षण/अनुसंधान अनुभव<br>**या**<br>एम डी/ एम एस/पी एच डी के बाद तीन वर्ष का शिक्षण/अनुसंधान अनुभव<br>**वांछनीय:** प्रकाशनों द्वारा प्रमाणित पर्याप्त शोध अनुभव। वयस्क कार्डियोलॉजी और इंटरवेंशन/ कार्डियक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी / बाल चिकित्सा कार्डियोलॉजी में एक वर्ष के औपचारिक प्रशिक्षण/शिक्षण अनुभव वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 4. | **सहायक आचार्य**<br>**(कार्डियोवास्कुलर और थोरैसिक सर्जरी)**<br>रिक्तपद- 3 (तीन)<br>[यूआर-2, ओबीसी -1] | संबंधित विषय में डीएम/एमसीएच के बाद या तीन वर्ष के कोर्स में इसके समकक्ष योग्यता<br>**या**<br>संबंधित विषय में डीएम/एमसीएच के बाद एक वर्ष का शिक्षण / अनुसंधान अनुभव या दो वर्ष के कोर्स में इसके समकक्ष योग्यता<br>**या**<br>प्रत्यक्ष डीएम/एमसीएच कोर्स के बाद एक वर्ष का शिक्षण/अनुसंधान अनुभव<br>**या**<br>एमडी/एमएस/पीएचडी के बाद तीन वर्ष के शिक्षण/अनुसंधान अनुभव |
| 5. | **सहायक आचार्य**<br>**(तंत्रिका-विज्ञान)**<br>रिक्तपद- 4 (चार)<br>[यूआर-2, एससी-1, एसटी-1] | संबंधित विषय में डीएम के बाद या तीन वर्ष के कोर्स में इसके समकक्ष योग्यता<br>**या**<br>संबंधित विषय में डीएम के बाद एक वर्ष का शिक्षण/अनुसंधान अनुभव या दो वर्ष के कोर्स में इसके समकक्ष योग्यता<br>**या**<br>प्रत्यक्ष डीएम कोर्स के बाद एक वर्ष का शिक्षण/अनुसंधान अनुभव<br><br>**वांछनीय:** एपिलेप्सी, मूवमेंट डिसऑर्डर, न्यूरोमस्कुलर या न्यूरो क्रिटिकल केयर में प्रशिक्षण/अनुभव। |
| 6. | **सहायक आचार्य**<br>**(रक्त आधान चिकित्सा)**<br>रिक्तपद- 1 (एक)<br>[ओबीसी -1] | प्रासंगिक क्षेत्र में एमडी प्राप्त करने के बाद संबंधित विषय में तीन वर्ष का शिक्षण /अनुसंधान अनुभव। |

**नोट : (i) जहां चिकित्सा योग्यता आवश्यक है , उनके पास भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम 1956 में शामिल चिकित्सा योग्यता और केंद्रीय / राज्य चिकित्सा पंजीकरण परिषद के साथ पंजीकरण होना चाहिए। ( ii) जहां भी लागू हो, समकक्ष योग्यता जैसे एफआरसीपी(सी) आदि को भी पर्याप्त योग्यता माना जाएगा। ( iii) इस संस्थान के एनेस्थिसियोलॉजी / वैस्कुलर सर्जरी / इमेजिंग विज्ञान और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी में पोस्ट डॉक्टरेट प्रमाणपत्र कोर्स धारकों और इस संस्थान के पोस्ट डॉक्टरल फैलोशिप के मामले में , कोर्स की एक वर्ष की अवधि को शिक्षण/अनुसंधान अनुभव के रूप में माना जाएगा।**

पदों के लिए वेतन स्तर और अधिकतम आयु सीमा

| पद | वेतन स्तर | आयु |
|---|---|---|
| **सहायक आचार्य** | वेतन मैट्रिक्स स्तर: 12<br>(रु.101500 - रु.167400) | 40 वर्ष |
| सह – आचार्य | वेतन मैट्रिक्स स्तर: 13A-1+<br>(रु.138300 - रु.209200) | 45 वर्ष |

## उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश

1. पद के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे **31.03.2023** तककी समय अवधि पर सभी पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं।
2. **आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण एससी टी आई एम एस टी वेबसाइट www.sctimst.ac.in पर 12.04.2023 से 11.05.2023 तक खोला जाएगा। विस्तृत निर्देश परिशिष्ट1में दिए गए हैं।**
3. **शुल्क**

सामान्य / ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 750/-+जीएसटी रुपये है।**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों (40% या अधिक)/महिला उम्मीदवारों को किसी भी शुल्क का भुगतान करने से छूट दी गई है।** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क में रियायत/छूट सिस्टम जनि त आवेदन के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांगता प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति जमा करने पर ही दी जाएगी।

4. आवेदन शुरू में ऑनलाइन माध्यम से जमा किए जाने चाहिए और निम्नलिखित दस्तावेजों की कागज़ी **प्रति'निदेशक, श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान औरप्रौद्योगिकी संस्थान,मेडिकल कॉलेज पी.ओ, तिरुवनंतपुरम - 695 011, केरल, भारत' में 17.05.2023 को या उससे पहले एक लिफाफे में जिसकेऊपर........................... पद के लिए आवेदन(पद का नाम लिखें) लिख्कर पहुंच जानी चाहिए।**

i. विधिवत हस्ताक्षरित सिस्टम जनितआवेदन (कागज़ी प्रति)।

ii. ऑनलाइन भुगतान रसीद या मुहर लगी पूर्व पावती भुगतान प्रपत्र।

iii.निम्नलिखित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रति:

क) शुल्क रियायत/छूट का दावा करने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांगता प्रमाण पत्र।

ख) जन्म तिथि के प्रमाण में प्रमाण पत्र (X / XII कक्षा का प्रमाण पत्र)।

ग) आवेदन में दावा किए गए शैक्षणिक योग्यता, पंजीकरण आदि के प्रमाण में सभी अंक सूची और प्रमाण पत्र।

घ) अधिसूचना के अनुसार नौकरी की प्रकृति और आवश्यक विवरण बताते हुए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया अनुभव प्रमाण पत्र जिसमें स्पष्ट रूप से तारीखों (से और तक) का संकेत देता है।

ङ) आरक्षण के लिए पात्र उम्मीदवारों को केंद्र सरकार के संस्थानों में रोजगार के लिए लागू सक्षम प्राधिकारी (राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार के पद से नीचे न हो) द्वारा जारी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग गैर-क्रीमी लेयर/ ईडब्ल्यूएस के आय और संपत्ति प्रमाण पत्र (निर्धारित प्रारूप में) की स्वप्रमाणित प्रति के साथ आवेदन जमा करना चाहिए।

च) अकादमिक कार्य का विवरण: अनुसंधान - प्रकाशन (समीक्षा लेख , सम्मेलन सार और पुस्तक अध्यायों को छोड़कर), शिक्षण, सेवा, नेतृत्व/संगठनात्मक गुण , राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार/मान्यताएं , फैलोशिप, प्रस्तुतीकरण, आदि के प्रमाणआवेदन कीकागज़ी प्रति के साथ जमा कर सकते हैं।

छ) सरकारी/अर्ध सरकारी/स्वायत्त निकायों आदि में नियोजित होने पर वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र।

ज) शारीरिक रूप से विकलांग(विकलांगता - 40% या अधिक) है तोचिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।

झ) कोई अन्य प्रासंगिक प्रमाण पत्र जैसा कि आवेदन में दिखाया गया है।

**5. उपरोक्त दस्तावेजों (जो भी लागू हो)बिना समर्थित आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।**

**6. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने पर अलग-अलग आवेदन पत्र और प्रिंट रसीद जमा करनी होगी।**

**7. <u>लॉगिन सुविधा</u>**

सिस्टम जनित आवेदनका प्रिंट आउट लेने के लिए ऑनलाइन सबमिशन के समय आवेदन में प्रदान की गई आवेदन पंजीकरण संख्या, ईमेल आईडी और जन्म तिथि दर्ज करके उम्मीदवार आवेदन को सफलतापूर्वक जमा करने के बाद 'लॉगिन' सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। योग्य उम्मीदवार पावर प्वाइंट प्रस्तुति के लिए प्रवेश पत्र और टेम्पलेट डाउनलोड कर सकते हैं।

8. **<u>प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के लिए टेम्प्लेट औरपावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन को मेल करने की तारीख</u>**

योग्य उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में दिए गए ईमेल पते पर अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का संदेश मिल सकता है। वे हमारी वेबसाइट **www.sctimst.ac.in** से लॉगइन' सुविधा का उपयोग करके अपनी आवेदन पंजीकरण संख्या, ईमेल आईडी और जन्म तिथि (आवेदन पत्र में प्रस्तुत) दर्ज करके चयन प्रक्रिया केलिए प्रवेश पत्र औरपावर प्वाइंट **<u>प्रेजेंटेशन</u>** के लिए टेम्पलेट के डाउनलोड कर सकते हैं। पावर प्वाइंट **<u>प्रेजेंटेशन</u>** के लिए स्लाइडों को **<u>rect@sctimst.ac.in</u>** ईमेल द्वारा भेजा जाना चाहिए। **प्रवेश पत्र की कागज़ी प्रति नहीं भेजी जाएगी।**

9. **तस्वीर की स्कैनिंग और अपलोडिंग**

ऑनलाइन आवेदन करने से पू र्व, एक उम्मीदवार को नीचे दिए गए निर्देशों के अनुसार उनकी तस्वीर की स्कैन (डिजिटल) छवि की आवश्यकता होगी: -

क) **सफेद पृष्ठभूमि के साथ हाल ही में लिया गया रंगीन फोटोग्राफ**

ख) तस्वीर '**.jpeg**'फॉर्मेट में **होना चाहिए।**

ग) **आयाम - 35mmx45mm। तस्वीर का आकार 50 KB तक सीमित करें।**

घ) **फोटोग्राफ अपलोड करने के लिए 'Browse'** बटन पर क्लिक करें। स्कैन की गई तस्वीर का चयन करें और 'Open' पर क्लिक करें। फिर 'Upload' बटन पर क्लिक करें। आप चाहें तो 'Crop' विकल्प का उपयोग करके तस्वीर के किनारों को ठीक कर सकते हैं और इसे 'Save' कर सकते हैं। अन्यथा 'No' चुनें औरचरण - 3पर जाने केलिए'Next' बटन पर क्लिक करें।

**10. <u>चयन प्रक्रिया</u>**

योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर पद के लिए मात्र स्क्रीनिंग के उद्देश्य केलिए एक लिखित परीक्षा ( MCQ) आयोजित की जा सकती है। शैक्षणिक पदों के मामले में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी यदि शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की संख्या 12 से अधिक हो। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक केवल अर्हक प्रकृति के होंगे और इन अंको को निर्णायक श्रेणी केलिए सम्मिलित

नहीं किया जाएगा। लिखित परीक्षा की तारीख (यदि कोई ह ) की सूचना संक्षिप्त सूचीबद्ध उम्मीदवारों को दी जाएगी।

साक्षात्कार में, उम्मीदवारों को **अपनी योग्यता के बारे में एक पावर प्वाइंट <u>प्रेजेंटेशन</u> देने की आवश्यकता होती है।** पावर प्वाइंट <u>प्रेजेंटेशन</u> के लिए स्लाइडों को rect@sctimst.ac.in पर ई-मेल द्वारा भेजा जाना चाहिए। **प्रवेश पत्र के साथ पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन का टेंपलेट डाउनलोड किया जा सकता है। स्क्रीनिंग परीक्षा/साक्षात्कार के समय, उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र और सभी मूल प्रमाणपत्र/अंक सूची/दस्तावेज लाने हैं जैसे:**

**क) जन्म तिथि के प्रमाण में प्रमाण पत्र (X, XII कक्षा का प्रमाण पत्र)।**
**ख) उम्मीदवार के नाम वाला एक वैध फोटो पहचान पत्र।**
**ग) शैक्षिक योग्यता, पंजीकरण आदि के प्रमाण में सभी अंक सूची और प्रमाण पत्र।**
**घ) अधिसूचना के अनुसार नौकरी की प्रकृति और आवश्यक विवरण बताते हुए, सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी किया गया विधिवत हस्ताक्षरित अनुभव प्रमाण पत्र जिसमें स्पष्ट रूप से तारीखों (से और तक) का संकेत देता है।**
**ङ) सरकारी/अर्ध सरकारी/स्वायत्त निकायों आदि में नियोजित होने पर वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र।**
**च) शारीरिक रूप से विकलांग(विकलांगता -40% या अधिक) है तो चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।**
**छ) आरक्षित पदों के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रासंगिक जाति प्रमाण पत्र (एससी / एसटी / ओबीसी / ईडब्ल्यूएस) ।**
**ज) कोई अन्य प्रासंगिक प्रमाण पत्र जैसा कि आवेदन में दिखाया गया है।**

**उम्मीदवारों को उपरोक्त दस्तावेजों के बिना चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

**11. <u>अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए यात्रा भत्ता</u>**

भारत सरकार के नियमों के अनुसार ,अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों को परीक्षा/साक्षात्कार में बैठने के लिए मूल टिकट प्रस्तुत करने पर रेल की द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी का किराया दियाजाएगा।

12. **<u>महत्वपूर्ण टिप्पणी</u>**

क) एक वर्ष के लिए वैध एक पैनल तैयार किया जाएगा और रिक्ति/आवश्यकता की उपलब्धता के अधीन नियुक्ति की जाएगी।
ख) **निर्धारित अनुभव का अर्थ है निर्धारित आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद प्राप्त अनुभव।**
ग) वास्तविक आवश्यकता के आधार पर अधिसूचित रिक्तियां भिन्न हो सकती हैं।
घ) संस्थान किसी भी पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि वह ऐसा निर्णय लेता है।
ङ) सभी पदों पर केंद्र सरकार की दरों पर भत्ते मिलते हैं।
च) चिकित्सा कर्मियों को नियमानुसार केंद्र सरकार की दर से गैर-अभ्यास भत्ता दिया जाएगा।
छ) आंतरिक उम्मीदवारों के लिए आयु में 5 वर्ष तक की छूट दी गई हैं।
ज) असाधारण मामलों में आयु और अनुभव में छूट दी सकते हैं।

झ) पूर्व-सेवा पुरुष / विकलांग व्यक्ति ( 40% या अधिक) ओबीसी / एससी / एसटी उम्मीदवार जो आयु में छूट के लिए पात्र हैं, उन्हें संबंधित दस्तावेजों को जमा करना हैं ।

ञ) संस्थान योग्यता और प्रासंगिक अनुभव आदि के आधार पर आवेदनों को लघुसूचीयन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और इसलिए न्यूनतम बुनियादी योग्यता पूरी करने वाले सभी उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया जा सकता है।

ट) किसी भी उम्मीदवार द्वारा एक पद के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए।

ठ) आवेदन पत्र में परिवर्तन/सुधार किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

ड) एससीटीआईएमएसटी किसी डाक विलंब या पारेषण/पारगमन में हानि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। उम्मीदवारों को अपने रिकॉर्ड और संदर्भ के लिए आवेदन शुल्क और आवेदन की रसीद के प्रिंट आउट की प्रति रखनी चाहिए।

ढ) **एससीटीआईएमएसटी की चयन समिति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने के किसी भी प्रयास का परिणाम अयोग्यता होगा।**

ण) इस विज्ञापन से संबंधित सभी मामलों में एससीटीआईएमएसटी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

त) चयन प्रक्रिया में उम्मीदवार का प्रवेश विशुद्ध रूप से अनंतिम है। केवल ई-प्रवेश पत्र जारी करने का अर्थ यह नहीं होगा कि संस्थान द्वारा उसकी उम्मीदवारी को अंतिम रूप से मंजूरी दे दी गई है।

थ) यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी/प्रमाणपत्र/दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य(यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई कमी पाई जाती है/पढ़ी जाती है, तो उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है।

द) उम्मीदवार अत्यावश्यक अधिसूचना/अपडेट के लिए अपना ई-मेल नियमित रूप से देख सकते हैं।

**आवेदन भरने के संबंध में किसी भी प्रश्न के लिए**

**कृपया संपर्क करें: दूरभाषी: 0471-2524244 / 644**

**ई-मेल आईडी: rect@sctimst.ac.in, admin@sctimst.ac.in**

हस्ताक्षरित

**निदेशक**

## परिशिष्ट 1

### आवेदन प्रक्रिया

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे पदों के लिए आवेदन करने के लिए प्रक्रिया का पालन करें।**

**चरण -1** - आवेदन शुल्क भुगतान।

कृपया भारतीय स्टेट बैंक की एसबी कलेक्ट वेबसाइट देखें।

https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=368747

**चरण -2** - शुल्क भुगतान के बाद ऑनलाइन आवेदन भरें। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट देखें: http://www.sctimst.ac.in।

### आवेदन शुल्क (केवल ऑनलाइन )

एसबी कलेक्ट वेबसाइट में विभिन्न शुल्क भुगतान विकल्प उपलब्ध हैं

क) भारतीय स्टेट बैंक के स्टेट बैंक कलेक्ट पोर्टल के माध्यम से उत्पन्न पूर्व -पावती भुगतान प्रपत्र (पीएपी) से भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में सीधे नकद भुगतान किया जा सकता है।
ख) इंटरनेट बैंकिंग सुविधा का उपयोग करके ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।
ग) किसी भी बैंक द्वारा जारी किए गए वीज़ा/मास्टर डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है ।

**शुल्क भुगतान के चरण:**

भारतीय स्टेट बैंक की एसबी कलेक्ट वेबसाइट खोलें (https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=368747)

क) भुगतान श्रेणी का चयन करें
ख) पद का चयन करें - आवेदक का नाम, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर और आवेदन शुल्क भरें
ग) भुगतान आवेदन जमा करें
घ) उपयुक्त भुगतान विकल्प का चयन करें।
ङ) अपने भुगतान के विकल्प के अनुरूप बटन पर क्लिक करें और जारी रखें
च) यदि आप ऑनलाइन भुगतान विकल्प चुन रहे हैं, तो आईएनबी संदर्भ संख्या नोट करें और रसीद प्रिंट करें **(प्रिंट रसीद की प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जानी चाहिए)**
छ) यदि आप अन्य भुगतान विकल्प चुन रहे हैं - भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में सीधे नकद भुगतान करने केलिए, कृपया पूर्व-पावती भुगतान प्रपत्र(पीएपी) प्रिंट करें और किसी भी एसबीआई शाखा में जमा करें। **(भारतीय स्टेट बैंक द्वारा विधिवत मुहर लगा पीएपीप्रपत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना चाहिए)**

**सभी बैंक शुल्क आवेदक द्वारा वहन किया जाना है।**

### ऑनलाइन आवेदन कैसे करें

**उम्मीदवार केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं** और आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा।उम्मीदवारों को सबसे पहलेएससीटीआईएमएसटी की वेबसाइट **www.sctimst.ac.in**पर जाना होगा। '**RECRUITMENT> ONLINE APPLICATION** (विज्ञापन सं. क. ए वंप्र.II/26/जेएसएससी/एससीटीआईएमएसटी/2023, दिनांकित:12.04.2023) 'लिंक पर क्लिक करें, उम्मीदवार तीन लिंक देख सकते हैं।

1. अधिसूचना और सामान्य निर्देश
2. ऑनलाइन आवेदन करें
3. लॉग इन करें (ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए आवेदन को देखने के लिए)

ऑनलाइन आवेदन खोलने के लिए **'APPLY ONLINE'** लिंक पर क्लिक करें।

**ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व-आवश्यकताएं**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को चाहिए:

क) वैध ईमेल आईडी होनी चाहिए। यदि उम्मीदवार के पास वैध ईमेल आईडी नहीं है तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी नई ईमेल आईडी बनानी चाहिए।
ख) सामान्य निर्देशों में दिए गए आवश्यक विनिर्देशों के भीतर अपनी तस्वीर को स्कैन करें।
ग) आवेदन शुल्क विवरण जैसे ऑनलाइन भुगतान रसीद या मुहर लगी पूर्व-पावती भुगतान प्रपत्र को अपने पास रखें ।
घ) अधिसूचना के अनुसार शैक्षणिक योग्यता, अनुभव विवरण, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) और अन्य प्रासंगिक विवरण रखें।

**ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए बस 6 चरणों का पालन करें। आपको प्रत्येक चरण में त्रुटिसुधार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यदि प्रत्येक चरण को सही ढंग से भरा गया है तो पृष्ठ के शीर्ष पर एक** हरा **चेकमार्क आइकन दिखाया जाएगा। अन्यथा, त्रुटिपूर्ण चरण के विरुद्ध एकलाल चेकमार्क आइकन प्रदर्शित किया जाएगा।**

**चरण - 1 (महत्वपूर्ण निर्देश)**

उम्मीदवार **'महत्वपूर्ण निर्देश'** देख सकते हैं और **'अधिसूचना और सामान्य निर्देश '** के लिए एक लिंक भी प्राप्त करेंगे। उम्मीदवार को कोई भी प्रविष्टि करने या विकल्पों का चयन करने से पहले निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए। फिर **'मैंने निर्देश पढ़ लिए हैं** के सामने बने चेकबॉक्स पर क्लिक करें। चरण - 2 पर जाने के लिए 'अगला' बटन पर क्लिक करें।

**चरण - 2 (आवेदित पद का चयन करें और फोटो अपलोड करें)**

1. आवेदित पद का चयन करें
2. फोटो अपलोड करें

चरण - 3 पर जाने के लिए 'Next' बटन पर क्लिक करें।

**चरण - 3 (व्यक्तिगत विवरण)**

3. उम्मीदवार का नाम मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र के अनुसार दर्ज करें , **लेकिन अंत में आद्याक्षर होने चाहिए।** किसी भी उपसर्ग जैसे श्री/श्रीमती/कुमारी आदि का प्रयोग न करें।

4. **अपना वैध ईमेल-आईडी सावधानीपूर्वक दर्ज करें।**
5. लिंग का चयन करें
6. अपनी जन्म तिथि का चयन करें।
7. नागरिकता का चयन करें
8. आप जिस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से संबंधित हैं, उसका चयन करें
9. धर्म का चयन करें
10. उपलब्ध रिक्ति स्थिति के आधार पर अधिसूचित आरक्षण श्रेणी का चयन करें जिससे आप संबंधित हैं।
11. यदि आप आयु में छूट का दावा कर रहे हैं [(अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी-लेयर) के अलावा अन्य लोगों के लिए लागू)] , उपयुक्त कॉलम का चयन करें और प्रदान की गई जगह में स्पष्ट रूप से विवरण दर्ज करें। (भूतपूर्व सैनिक, आदि)
12. इस संस्थान (एस सी टी आई एम एस टी) में रोजगार विवरण के उपयुक्त क्षेत्र का चयन करें / दर्ज करें - इस संस्थान के स्थायी कर्मचारियों के लिए।
13. पिन कोड के साथ स्थायी पता दर्ज करें।
14. पिन कोड के साथ पत्राचार के लिए पता दर्ज करें।
15. अपना दूरभाषी और मोबाइल नंबर दर्ज करें।

चरण - 4 पर जाने के लिए 'Next' बटन पर क्लिक करें।

**<u>चरण - 4 (शैक्षणिक योग्यता/अनुभव का विवरण)</u>**

16. उम्मीदवार पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता/अनुभव देख सकते हैं। अपनी शैक्षिक योग्यता का विवरण दर्ज करें। आप 'Add Row'/'Delete Last Row' (आवश्यकतानुसार) बटन पर क्लिक करके अपनी शैक्षिक योग्यता का विवरण दर्ज करते समय पंक्तियों को जोड़ या हटा सकते हैं।
    **शैक्षणिक कार्य का विवरण:** अनुसंधान - प्रकाशन (समीक्षा लेख, सम्मेलन सार और पुस्तक अध्यायों को छोड़कर), शिक्षण, सेवा, नेतृत्व/संगठनात्मक गुण , राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार/मान्यताएं , फैलोशिप, प्रस्तुतीकरण आदि आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ अलग शीट में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
17. चयन करें कि क्या आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के **बाद ही** आवश्यक अनुभव प्राप्त किया गया हो (जैसा लागू हो)।
18. आप 'Add Row'/'Delete Last Row' (आवश्यकतानुसार) बटन पर क्लिक करके अपने अनुभव विवरण दर्ज करते समय पंक्तियों को जोड़ या हटा सकते हैं।

चरण -5 पर जाने के लिए 'Next' बटन पर क्लिक करें।

**<u>चरण - 5 (आवेदन शुल्क का विवरण)</u>**

1. शुल्क रियायत/छूट पर उपयुक्त फ़ील्ड का चयन करें।
2. भुगतान रसीद संख्या, दिनांक और राशि/पीएपी, जो भी लागू हो, दर्ज करें।

चरण -6 पर जाने के लिए 'Next' बटन पर क्लिक करें।

**चरण - 6 (भरे हुए आवेदन का पूर्वावलोकन)**

इस चरण में आप भरे हुए आवेदन का पूर्वावलोकन देख सकते हैं। उम्मीदवार पृष्ठ के शीर्ष पर स्थित STEP - 2, STEP - 3, STEP - 4 और STEP - 5 बटन पर क्लिक करके, यदि आवश्यक हो, तो दर्ज किए गए विवरणों को संपादित कर सकते हैं। छवि के बगल वाले कॉलम में STEP – 6 के नीचे छवि सत्यापन कोड दर्ज करें। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन दर्ज करने के लिए 'Submit' बटन पर क्लिक करने से पहले प्रविष्टियों की सत्यता की जांच कर लें। जब 'Submit' बटन पर क्लिक किया जाता है , तो एक पुष्टिकरण संदेश 'क्या आप आवेदन जमा करना सुनिश्चित करते हैं ?' प्रदर्शित होगा। आवेदन जमा करने के लिए 'OK' पर क्लिक करें। अन्यथा पिछले चरणों पर जाने के लिए 'Cancel' क्लिक करें।

**यदि ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है , तो आवेदन पंजीकरण संख्या के साथ एक सिस्टम जनित आवेदन देखा जा सकता है और उम्मीदवार को तुरंत उसका प्रिंटआउट लेना चाहिए और इस पर अपना हस्ताक्षर करें ।यह प्रिंटआउट और सामान्य निर्देशों में वर्णित दस्तावेज़ ' निदेशक, श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान,मेडिकल कॉलेज पी.ओ., तिरुवनंतपुरम - 695 011, केरल, भारत' में 17.05.2023 को या उससे पहले एक लिफाफे में जिसके ऊपर...............................पद के लिए आवेदन(पद का नाम लिखें) लिखकर पहुंच जानी चाहिए।**

**आवेदन को सफलतापूर्वक जमा करने पर, आपकी आवेदन पंजीकरण संख्या, आवेदन किए गए पद का नाम, जमा करने की तिथि आदि के बारे में एक सूचना उम्मीदवार की ईमेल आईडी पर भेजी जाएगी। संदेश देखने के लिए कृपया 'INBOX' या 'SPAM' फोल्डर देखें। <u>हालांकि, इस ऑटो रिस्पांस की विफलता के लिए एससी टी आई एम एस टी जिम्मेदार नहीं होगा।</u>**

जब ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण सफलतापूर्वक पूरा नहीं होता है , तो एक संदेश प्रदर्शित होगा **'आपका ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण असफल रहा। कृपया फिर से पंजीकरण करें'।** इसके बाद उम्मीदवार 'ऑनलाइन आवेदन करें' लिंक पर फिर से जा सकते हैं और अपना आवेदन विवरण फिर से भर सकते हैं।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन करें ताकि अधिक भार के कारण एस सी टी आई एम एस टी की वेबसाइट पर लॉग इन करने में असमर्थता/विफलता की संभावना से बचा जा सके। **इस सन्दर्भ में किसी भी नई जानकारी केलिए एस सी टी आई एम एस टी वेबसाइट को नियमित रूप से चेक करते रहना चाहिए।**

****